झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

31 July 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 31 जुलाई का इतिहास

- **1658 :** मुगल सम्राट औरंगजेब ने स्वयं को मंगोल राजा घोषित कर दिया।
- **1924 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से सदैव के लिए प्रस्थान किया।
- **1940 :** ब्रिटिश सरकार ने क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों और समाज सुधारक उधम सिंह को लंदन में फांसी दे दी।
- **1948 :** भारत में सबसे पहली राज्य परिवहन सेवा पश्चिम बंगाल में राज्य परिवहन निगम की स्थापना हुई।

## 31 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय सेना की टुकड़ी बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट के लिए रवाना हुई। यह अभ्यास 27 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास विश्वभर के सैन्य बलों को सहयोग करने और शांति स्थापना की अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एकजुट करेगा। अभ्यास खान क्वेस्ट का पिछला संस्करण 19 जून से 2 जुलाई 2023 तक मंगोलिया में आयोजित किया गया था।
- इजरायली संसद नैसेट ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस कदम में एजेंसी के साथ संबंध तोड़ने का प्रस्ताव है, जिस पर इजरायल ने गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी समूहों के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया है।
- किम्बर्ली चीटल के इस्तीफे के बाद रोनाल्ड एल.रोवे जूनियर को अमेरिकी सीक्रेट सर्विस का कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त किया गया है। चीटल ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास के दौरान महत्वपूर्ण सुरक्षा चूक के लिए सीक्रेट सर्विस की आलोचना के बाद पद छोड़ दिया था। 13 जुलाई, 2024 को ट्रंप की रैली के दौरान, 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रूक्स नामक एक व्यक्ति, जो AR-स्टाइल राइफल से लैस था।
- क्यूरेटर और लेखिका राहाब अल्लाना को फ्रांस सरकार द्वारा ऑफिसियर डान्स एल'ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने कला, संस्कृति और साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है या जिन्होंने वैश्विक कला परिदृश्य को प्रभावित किया हैं। यह समारोह नई दिल्ली स्थित फ्रांस के दूतावास में आयोजित किया गया। यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ्रांसीसी कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान दिया है।
- परमाणु ऊर्जा विभाग की एक इकाई परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय ने कर्नाटक के मांड्या और यादगिरी जिलों में लिथियम संसाधनों की पहचान की हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र ने मांड्या जिले के मरलागल्ला क्षेत्र में 1600 टन लिथियम की खोज की घोषणा की। यादगिरी जिले में प्रारंभिक सर्वेक्षण और सीमित भूमिगत अन्वेषण भी किया गया।
- सी-डॉट ने सेल फ्री 6जी एक्सेस पॉइंट्स के विकास के लिए आईआईटी रूड़की और मंडी के साथ हाथ मिलाया। इस समझौते पर दूरसंचार विभाग की दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत हस्ताक्षर किए गए है। इस निधि को घरेलू कंपनियों, भारतीय स्टार्टअप, शिक्षाविदों और दूरसंचार उत्पादों और समाधानों के प्रौद्योगिकी डिजाइन, विकास, व्यावसायीकरण में शामिल अनुसंधान एवं विकास संस्थानों को वितीय सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य किफायती ब्रॉडबैंड और मोबाइल सेवाएं प्रदान करना है।
- 2024 विश्व नेताओं का शिखर सम्मेलन यू.के. संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित किया गया। यह वैश्विक नीति निर्धारित करने वाली वार्ता के लिए एकदम सही माहौल प्रदान करता हैं। यह शिखर सम्मेलन विश्व नेताओं के बीच सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। शिखर सम्मेलन में चर्चा किए गए मुख्य विषय सतत विकास, कृत्रिम बुद्धिमता ओर समाज पर इसका प्रभाव, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच ओर भविष्य की नीतियों को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका थे।
- खाद्य एवं कृषि संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अपने वन क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, 2010 से 2020 तक हर साल 266,000 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। यह उपलब्धि भारत को वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में शीर्ष दस देशों में तीसरे स्थान पर रखती हैं। 1,937,000 हेक्टेयर की प्रबल वृद्धि के साथ सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया 446,000 हेक्टेयर के साथ दूसरे स्थान पर है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. हाल ही में अगले साल जुलाई तक रेलवे कनेक्टिविटी के तहत आने वाला पूर्वोत्तर क्षेत्र का चौथा राजधानी शहर कौनसा होगा ?**

(A) इटानगर (B) अगरतला
(C) आइजोल (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** मिजोरम का आइजोल अगले साल जुलाई तक रेलवे कनेक्टिविटी के तहत आने वाला पूर्वोत्तर क्षेत्र का चौथा राजधानी शहर होगा, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे आइजोल के पास सैरांग तक नया ब्रॉड गेज ट्रैक बिछा रहा हैं। गुवाहाटी, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला और अरूणाचल प्रदेश का नाहरलागुन पहले से ही रेलवे नेटवर्क से जुड़े हुए है।



**2. भारत की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता किस वर्ष तक तीन गुनी हो जाएगी। ?**

(A) 2025-26 (B) 2031-32
(C) 2032-2035 (D) 2035-2040

**(B)** भारत की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031-32 तक तीन गुनी बढ़ जायेगी। 2231-32 तक वर्तमान स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 8,180 मेगावाट से बढ़कर 22,480 मेगावाट तक पहुंच जायेगी। डॉ. सिंह ने 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला और 2047 तक लगभग 1,00,000 मेगावाट की राष्ट्रीय परमाणु क्षमता की आवश्यकता का अनुमान लगाया।




**3. हाल ही में किस मंत्रालय ने इपात आयात निगरानी प्रणाली 2.0 पोर्टल लॉन्च किया है?**

(A) इस्पात मंत्रालय (B) वित्त मंत्रालय
(C) संस्कृति मंत्रालय (D) कोयला मंत्रालय

**(A)** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने उन्नत इस्पात निगरानी प्रणाली सिम्स 2.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा, इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा तथा भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। 2019 में शुरू की गई एसआईएमएस ने घरेलू उद्योग को विस्तृत इस्पात आयात डेटा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




**4. हाल ही में अश्विनी वैष्णव ने कहां भारत के 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्धघाटन किया है ?**

(A) मुंबई (B) कोच्चि
(C) आइजोल (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारत का 500वां सामुदायिक रेडियो स्टेशन आइजोल स्थित अपना रेडियो एफएम हैं। यह रेडियो स्टेशन भारतीय जनसंचार संस्थान, आइजोल द्वारा संचालित हैं। केंद्रीय मंत्री ने इसे सरकार की एक्ट ईस्ट नीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव आएगा।



**5. हाल ही में भारत के राष्ट्रपति भवन में स्थित दरबार हॉल का नाम बदलकर क्या किया गया है ?**

(A) नमो मंडप (B) गणतंत्र मंडप
(C) अशोक मंडप (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बड़ा फैसला लेते हुए राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉलों का नाम बदल दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा है। राष्ट्रपति भवन ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बयान में कहा है कि नाम बदलने का मकसद राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचार का प्रतिबिम्ब बनाना है।

**6. हाल ही में पेरिस के ग्रेविन म्यूजियम ने किस भारतीय अभिनेता के सम्मान में गोल्डन कॉइन जारी किया है ?**

(A) अक्षय कुमार (B) अमिताभ बच्चन
(C) शाहरूख खान (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** पेरिस के ग्रीविन संग्रहालय द्वारा बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरूख खान को एक कस्टमाइज्ड सोने के सिक्के से सम्मानित किया गया हैं। इसके साथ ही शाहरूख खान ग्रेविन म्यूजियम में अपने नाम का सिक्का पाने वाले पहले भारतीय अभिनेता बन गए। यह संग्रहालय मशहूर हस्तियों की मोम की मूर्तियों के लिए जाना जाता है। ग्रेविन वैक्स म्यूजियम में शाहरूख खान का मोम का पुतला भी है।



**7. हाल ही में ReNew ने कहाँ 400 मेगावाट की सौर परियोजना का उद्धघाटन किया है ?**

(A) राजस्थान (B) ओडिशा
(C) कर्नाटक (D) आंध्रप्रदेश

**(A)** हाल ही में भारत की प्रमुख नवीरकणीय ऊर्जा कंपनी रीन्यू ने राजस्थान में 400 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट का उद्धघाटन किया। अगले 25 सालों के लिए राजस्थान में स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ हस्ताक्षर किए गए। 600 मेगावॉट के पीपीए के तहत इस प्रोजेक्ट को लॉन्च किया गया हैं।




**8. हाल ही में बहामास कॉमनवेल्थ के हाई कमिश्नर कौन बने है ?**

(A) मनोज सोनी (B) विनोद गणात्रा
(C) मयंक जोशी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** वर्तमान में जमैका में भारत के उच्चायुक्त मयंक जोशी को बहामास राष्ट्रमंडल में भी भारत अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है, उनका आवास किंग्स्टन में होगा। मयंक जोशी 2003 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा श्री मयंक जोशी जो वर्तमान मे जमैका में भारत के उच्चायुक्त है, को बहामास राष्ट्रमंडल में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।



**9. हाल ही में किसे REIL का अगला प्रबंधक नियुक्त किया गया है ?**

(A) शिवा चौहान (B) बृजेश दीक्षित
(C) सुप्रीथा सी.टी (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड ने राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के पद के लिए बृजेश दीक्षित का चयन किया। यह एक अनुसूची सी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम है। कुल 12 लोगों का साक्षात्कार लिया गया। वर्तमान में दीक्षित भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियर सेवा के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

REIL

**10. हाल ही में भारतीय सेना ने कहां बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान कनेक्ट में भाग लिया है ?**

(A) रूस (B) जापान
(C) चीन (D) मंगोलिया

**(D)** भारतीय सेना की एक टुकड़ी बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट के लिए मंगोलिया के उलानबटार के लिए रवाना हुई। यह अभ्यास 27 जुलाई 2024 से 9 अगस्त 2024 तक चलेगा। इस टुकड़ी में चालीस लोग हैं। इसमें मद्रास रेजिमेंट बटालियन के सैनिक और अन्य आर्म्स एंड सर्विसेज के कर्मी शामिल हैं। इस टुकड़ी में दो महिला सैनिक और एक महिला अधिकारी भी शामिल है।

